श्रीमती मनोरमा देवी, माननीय स0 वि0 स0 से प्राप्त शून्यकाल सं0–18/3/126 का उत्तर प्रतिवेदन :–

शून्यकाल प्रश्न	उत्तर
इद्रपुरी बराज से सोननहर योजना अंतर्गत गयाजी जिला के टिकारी तक किसानों को पानी उपलब्ध कराने की योजना है, जिसे विस्तारित कर बेलागंज तक लाने से हजारों किसान लाभान्वित होंगे। अतः मैं सरकार से हजारों किसानों के हित में सोन नहर को विस्तारित कर बेलागंज तक लाने की मांग करती हूं।	वस्तुस्थिति यह है कि इन्द्रपुरी बराज से सोन उच्चस्तरीय नहर द्वारा गया जी जिला के टिकारी प्रखंड अंतर्गत बेनीपुर ग्राम तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाता है। इस बिन्दु के पूर्वी क्षेत्र में मोरहर नदी दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर प्रवाहित होती है। सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर का प्रवाह मोरहर नदी पर समाप्त हो जाता है तथा यहाँ से नदी पर निर्मित साइफन के माध्यम से नारायणपुर वितरणी में सिंचाई हेतु जल प्रवाहित किया जाता है। यह वितरणी दक्षिण से उत्तर की ओर प्रवाहित होते हुए बेलागंज प्रखंड के राजस्व ग्राम मेंन, गंगटी एवं कोरियावां को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराती है। तथा आगे रतनीफरीदपुर प्रखंड में प्रवेश करती है। मोरहर नदी के पूरब में लगभग 18 कि०मी० की दूरी पर बेलागंज शहर स्थित है। तथा मोरहर नदी से पूरब की ओर भूमि क्रमशः ऊँची होती जाती है। सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर से खरीफ अवधि के अधिकांश अवधि में मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति तथा उपलब्ध जल की सिमितता को देखते हुए बेलागंज तक सोन नहर के पानी को नई नहर के माध्यम से पहुँचाने की योजना व्यावहारिक एवं युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता है। फलस्वरूप सोन नहर के बेलागंज तक विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–19 / 2026 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–19 / 2026 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–19 / 2026 5776 पटना / दिनांक :01/10/2026

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/10/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव